# रोजगार प्राप्ति के लिए शीघ्र उपलब्ध होगी ऑनलाइन सुविधाः डॉ. शांडिल

**टीम एक्शन इंडिया/सोलन/मनीष**

स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता तथा श्रम एवं रोजगार मंत्री डॉ. कर्नल धनीराम शांडिल ने कहा कि प्रदेश सरकार शीघ्र ही शिक्षित बेरोजगार युवाओं को अपने घर से ही रोजगार प्राप्त करने के लिए ऑनलाइन सुविधा प्रदान करेगी। डॉ. शांडिल आज सोलन के ऐतिहासिक ठोडो मैदान में आयोजित मेगा रोजगार मेले का शुभारम्भ करने के उपरांत उपस्थित युवाओं को सम्बोधित कर रहे थे।आज के रोजगार मेले में 50 विभिन्न कम्पनियों द्वारा युवाओं को रोजगार के अवसर प्रदान किए गए।

डॉ. शांडिल ने इस अवसर पर कहा कि प्रदेश सरकार सभी 77 रोजगार कार्यालयों का कम्प्यूटरीकरण करेगी। उन्होंने कहा कि रोजगार कार्यालयों को कम्प्यूटरीकृत करने से बेरोजगार युवाओं को पंजीकरण एवं आवेदन इत्यादि की सुविधा ऑनलाइन उपलब्ध हो जाएगी। उन्होंने कहा कि प्रणाली के ऑनलाइन होने से जहां

**⏩ डॉ. शांडिल ठोडो मैदान में आयोजित मेगा रोजगार मेले का शुभारम्भ करने के उपरांत युवाओं को सम्बोधित कर रहे थे**

युवा अपने घर से ही उपलब्ध रोजगार के लिए ऑनलाइन आवेदन कर सकेंगे वहीं सारी जानकारी एक क्लिक पर उपलब्ध होगी। उन्होंने कहा कि निकट भविष्य में रोजगार मेलों का आयोजन भी ऑनलाइन किया जा सकेगा।

श्रम एवं रोजगार मंत्री ने कहा कि प्रदेश के युवाओं को उनकी शैक्षणिक योग्यता के अनुरूप रोजगार एवं स्वरोजगार के बेहतर अवसर प्रदान करना प्रदेश सरकार की प्राथमिकता है। इस उद्देश्य की पूर्ति के लिए जहां सभी जिलों में समय-समय पर रोजगार मेलों का आयोजन किया जा रहा है वहीं विभिन्न योजनाओं के माध्यम से युवाओं को अपना स्वरोजगार स्थापित करने के लिए रियायतें प्रदान की जा रही हैं। उन्होंने



कहा कि इसी दिशा में प्रदेश सरकार द्वारा 'मुख्यमंत्री रोजगार संकल्प सेवाइ आरम्भ की गई है। इसके माध्यम से प्रदेश के दूर-दराज के क्षेत्रों के युवाओं को प्रदेश, देश और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर उपलब्ध रोजगार अवसरों से जोड़ा जाएगा।

उन्होंने कहा कि बढ़ती बेरोजगारी सभी के लिए चिंता का विषय है और इस समस्या से निजात पाने के लिए प्रदेश सरकार योजनाबद्ध कार्य कर रही है।

डॉ. शांडिल ने कहा कि भारी वर्षा के बीच आज आयोजित रोजगार मेले में युवाओं का उत्साह हम सभी में यह विश्वास जगाता है कि हमारा युवा किसी भी मुश्किल का सामना कर सफलता की नई ऊंचाइयां प्राप्त करने के लिए दृढ़ संकल्प है। उन्होंने कहा कि श्रम ही विकास का आधार है और युवाओं को सदैव कठिन परिश्रम के लिए तैयार रहना चाहिए। उन्होंने युवाओं से आग्रह किया कि अपने ज्ञान को भविष्य की चुनौतियों के अनुरूप अद्यतन करना चाहिए।

उन्होंने रोजगार प्रदाताओं से आग्रह किया कि शिक्षित बेरोजगार युवाओं की योग्यता के अनुरूप रोजगार के अधिक से अधिक अवसर सृजित करें।उन्होंने विश्व प्रेस स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर सभी पत्रकारों को बधाई देते हुए आशा जताई कि कलम के सिपाही भविष्य में भी अपनी लेखनी से जन-जन का मार्गदर्शन करते रहेंगे। श्रमायुक्त एवं निदेशक रोजगार रोहित जम्वाल ने कहा कि प्रदेश के जिला स्तर पर कार्यरत 12 तथा अन्य 65 रोजगार कार्यालयों का कम्प्यूटरीकरण युवाओं को एक स्थान पर बेहतर अवसर प्रदान करने में सहायक होगा। उन्होंने कहा कि इससे पूर्व हाल ही में मण्डी में आयोजित रोजगार मेले में 20 निजी कम्पनियों द्वारा 500 से अधिक युवाओं को रोजगार उपलब्ध करवाया गया। उन्होंने कहा कि 04 मई, 2023 को हमीरपुर में भी मेगा रोजगार मेला आयोजित किया जा रहा है। उन्होंने विभाग द्वारा युवाओं के लिए प्रदेश सराकर द्वारा कार्यान्वित की जा रही योजनाओं की जानकारी भी दी।उपनिदेशक श्रम एवं रोजगार राजेश शर्मा ने धन्यवाद प्रस्ताव प्रस्तुत किया।प्रदेश कांग्रेस समिति के उपाध्यक्ष राहुल ठाकुर, जोगिन्द्रा केन्द्रीय सहकारी बैंक के अध्यक्ष मुकेश शर्मा, जिला कांग्रेस अध्यक्ष शिव कुमार, खण्ड सोलन कांग्रेस के अध्यक्ष संजीव ठाकुर, कांग्रेस महासचिव संजय भण्डारी, अजय कंवर, अजय वर्मा, कांग्रेस पार्टी के अन्य पदाधिकारी, अतिरिक्त उपायुक्त सोलन अजय यादव, उपमण्डलाधिकारी सोलन कविता ठाकुर, मुख्य चिकित्सा अधिकारी सोलन डॉ. राजन उप्पल, जिला रोजगार अधिकारी संदीप ठाकुर सहित विभिन्न विभागों के वरिष्ठ अधिकारी अन्य गणमान्य व्यक्ति, रोजगार प्रदाता एवं बड़ी संख्या में युवा इस अवसर पर उपस्थित थे।

# गोली से हुई मौत में पुलिस के हत्थे चढ़ा आरोपी

**टीम एक्शन इंडिया/नाहन/एसपी जैरथ**



जिला सिरमौर की पच्छाद विधानसभा क्षेत्र की सुरला जनोट पंचायत में गोली लगने से हुई बुजुर्ग व्यक्ति की मौत के मामले में पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। जानकारी के अनुसार 19 अप्रैल को लफयोग टिकरी निवासी 64 वर्षीय महिमादत्त की गांव के समीप कुरफ ड़ जंगल में पशु चराते समय अचानक गोली लगने से उनकी मौत हो गई थी।देर शाम तक जब महिमादत्त घर नहीं पहुंचा तो परिजन तलाश में जंगल पहुंचे, जहां उनका शव बरामद हुआ। इसकी जानकारी परिजनों ने पुलिस को दी। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में पता चला कि महिमादत्त की मौत गोली लगने से हुई है। लिहाजा, पुलिस ने विभिन्न धाराओं में मामला दर्ज कर मामले की तफ्तीश की।छानबीन के बाद पुलिस को पता चला कि सुरला जनोट पंचायत के आंजी निवासी हरदेव (40) ने अपने खेत में जंगली जानवर मारने के लिए गोली चलाई थी। इस बीच गोली जानवर को न लगकर महिमादत्त को जा लगी।हरदेव को भी इस बात की बिल्कुल भनक नहीं लगी कि बंदूक की गोली से किसी व्यक्ति की मौत हो गई है। हरदेव की बंदूक का लाइसेंस जंगली जानवरों से फसल बचाने के लिए उसके पिता के नाम पंजीकृत है। पुलिस थाना पच्छाद के प्रभारी मदन सिंह ने आरोपी की गिरफ्तारी की पुष्टि की है।

# वार्ड नं छह से रणजीत की 155 मतों से हुई जीत

**टीम एक्शन इंडिया/नाहन/एसपी जैरथ**

नगर पंचायत राजगढ़ के वार्ड नंबर छह के वार्ड सदस्य के लिए मंगलवार को संपन्न हुए उप चुनाव में कांग्रेस समर्थित प्रत्याशी रणजीत कुमार 155 से विजय घोषित हुए है। यह जानकारी निर्वाचन अधिकारी एवं एसडीएम राजगढ़ राजकुमार ठाकुर ने दी है। उन्होंने बताया कि वार्ड नंबर छह मे सदस्य पद के लिए चुनाव शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुए। इस पद के लिए तीन प्रत्याशी मैदान में थे। इस वार्ड मे कुल 372 मतदाता पंजीकृत है जिनमे से 301 वोट पड़े। अर्थात 80.64 प्रतिशत मतदान हुआ। जिनमें रणजीत कुमार को 209 मत, बीना देवी को 54 और सतीश कुमार को केवल 34 तथा चार वोट नोटा को पड़े। बता दें कि नगर पंचायत में कुल सात सदस्य है। वर्तमान में नगर पंचायत में भाजपा समर्थित अध्यक्ष कार्यरत है। कांग्रेस समर्थित सदस्य रणजीत के जीत जाने से नगर पंचायत में समीकरण बिगड़ सकते है। इनके विजय होने से अब नगर पंचायत मे कांग्रेस और भाजपा समर्थित तीन तीन सदस्य हो गए है। इसके अलावा एक निर्दलीय सदस्य है।अगर निर्दलीय सदस्य कांग्रेस समर्थित सदस्यों को अपना समर्थन देते है तो नगर पंचायत में पासा पलट सकता है।

# पत्रकारों पर हमले पर मीडिया में रोष

**टीम एक्शन इंडिया/नाहन/एसपी जैरथ**

ऊना में पत्रकारों पर हुए हमले की जांच होनी चाहिए और दोषियों को सजा मिलनी चाहिए। इस तरह से मीडिया की आबाज दबाना लोकतंत्र की हत्या है। यह मांग सिरमौर प्रेस क्लब के अध्यक्ष शैलेंद्र कालरा व अन्य अधिकारियों ने की

उन्होंने सरकार से मांग की है कि दोषियों को सजा दी जाए ताकि भविष्य में लोकतंत्र के प्रहरी पत्रकार सुरक्षित महसूस कर सके। उन्होंने कहा कि उप मुख्यमंत्री स्वयं पत्रकारिता से राजनीति तक का सफ र कर चुके हैं इसलिए उन्हें पत्रकारों का दर्द बखूबी पता है। उन्होंने प्रदेश के मुख्यमंत्री व उप मुख्यमंत्री से मांग की है कि इस मामले में निष्पक्ष जांच बिठाई जाए और दोषियों को सजा दी जाए। गौर रहे कि बीते कल ऊना जिले के मैहतपुर रायपुर सहोड़ा में आईओसी प्लांट में ट्रक के प्रदर्शन को लेकर जब कवरेज के लिए पत्रकार पहुंचे तो उन पर जानलेवा हमला किया गया जिसमें प्रेस क्लब ऊना के अध्यक्ष सुरेंद्र शर्मा को गंभीर चोटे आई जबकि अन्य पत्रकार घायल भी हुए। इस घटना में कई मीडिया कर्मियों को भाग कर अपनी जान बचानी पड़ी।

उन्होंने कहा कि यदि प्रदेश सरकार इस पर करवाई नहीं करती है तो उस स्थिति में पत्रकारों को एकत्र होकर आगामी निर्णयों के लिए विवश होना पड़ेगा।

वहीं पत्रकार महासंघ ने भी इसकी कड़ी आलोचना की है महासचिव एसपी जैरथ, प्रदेश उपाध्यक्ष शैलेश सैनी, नाहन से हितेश शर्मा चंद्र ठाकुर राजन पुंडीर, दीपक, प्रताप सिंह पोंटा साहिब से ज्ञान प्रकाश शर्मा, राजेंद्र तिवारी, एनयूजे के प्रदेश अध्यक्ष रणेश राणा व तमाम संगठनों से जुड़े पत्रकार सदस्यों के द्वारा इस हमले की कड़ी निंदा की है।पत्रकारों ने मांग की है कि प्रदेश की सुखविंदर सिंह सुक्खू सरकार पत्रकारों की सुरक्षा को लेकर कुछ पैरामीटर सुनिश्चित करें। समस्त पत्रकार वर्ग ने दोषियों पर कड़ी कार्रवाई करने की मांग की है। उन्होंने कहा कि यदि पत्रकारों पर इसी तरह से हमले होते रहेंगे तो निश्चित रूप से पत्रकार वर्ग सडकों पर उतरेगा और राष्ट्रीय स्तर पर धरना प्रदर्शन भी शुरू करेगा।

# रेलवे यार्ड लगने से एसीसी इकाई का सीमेंट व कच्चे मॉल की ढुलाई का कार्य ट्रांसपोटरों से छीन जाएगाः ध्यान सिंह ठाकुर



**टीम एक्शन इंडिया/बिलासपुर/कश्मीर ठाकुर**

बरमाणा बीडीटीएस के सदस्य व पूर्व में रहे कंट्रोलर ध्यान सिंह ठाकुर ने कहा कि बरमाणा में जहां रेलवे यार्ड बन रहा है, उससे बरमाणा ट्रांसपोर्टर रेलवे की नीति से नाखुश है। क्योंकि इस यार्ड के बनने से ट्रांसपोटरों का कारोबार छीन जाएगा। बीडीटएस के पूर्व प्रधान जीत राम गौतम सहित अन्य सभा के सदस्यों में ध्यान सिंह ठाकुर, राजेश ठाकुर, कश्मीर सिंह चंदेल, बालकराम कपिल, रामकुमार शर्मा, सुभाष कपल्स, रतन लाल ठाकुर आदि ने बरमाणा में आयोजित एक वार्ता में कही। उन्होंने भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा से रेलवे का जंक्शन यार्ड बरमाणा सीमेंट नगरी से बाहर बनाए जाने के इस मामले में हस्तक्षेप करने की मांग की है। बिलासपुर की धरती जेपी नड्डा की गृह भूमि भी है और उनसे ट्रांसपोटरों के हितों की रक्षा के लिए कदम उठाने की फ रियाद की है। इसी मसले को लेकर उन्होंने केंद्रीय मंत्री अनुराग सिंह ठाकुर से भी हस्ताक्षेप करने की मांग रखी है। बरमाणा के लोग पिछले 38 सालों से विस्थापन का दंश बार बार झेलते आ रहें हैं। चार दशक पहले एसीसी सीमेंट फैक्ट्री लगने से लोगों को उजड़ना पड़ा, उसके बाद फिर दुबारा एसीसी से उजड़े। अब तीसरी बार भानुपल्ली लेह रेलवे लाइन से उजड ?ा पड़ रहा है। यह पर रेलवे यार्ड लगने से एसीसी इकाई का सीमेंट व कच्चे मॉल की ढुलाई का कार्य ट्रांसपोटरों से छीन जाएगा। एसीसी की गगल इकाई 1984 से स्थापित होने के बाद कुछ वर्ष पहले विदेशी कंपनियां होलसिम व लाफार्ज रन कर रही थी और जब अडानी समूह का हिस्सा बनी तो ट्रांसपोटरों को मिलने वाली ढुलाई डिमांड में गिरावट आ गई। उन्होंने आने वाले समय की परिस्थितियों को बताते हुए कहा कि जब बरमाणा में रेलवे यार्ड बन जाएगा तो एसीसी की गगल इकाई से जुड़े 4000 ट्रकों के पहिए घूमने बंद हो जाएंगे।

# राष्ट्रीय विधायक सम्मेलन की बैठक में भाग लेने पूणे से मुम्बई पहुंचे कुलदीप सिंह पठानिया

**टीम एक्शन इंडिया/शिमला/चमन शर्मा**

हिमाचल प्रदेश विधानसभा के अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया 14 जून से 18 जून, 2023 तक मुम्बई में आयोजित होने वाले राष्ट्रीय विधायक सम्मेलन के आयोजकों के साथ प्रारम्भिक बैठक में भाग लेने के लिए आज सुबह पूणे से मुम्बई पहुंचे। यह बैठक मुम्बई स्थित बांद्रा-कूर्ला में जियो बर्ल्ड कन्वेशन सैन्टर में पूर्वाह्न 11 बजे आरम्भ हुई। इस बैठक में एमआईटी (महाराष्ट्र इंस्टीच्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी) पूणे के संरक्षण और राजनीतिक दिग्गज शामिल थे। गौरतलब है कि राष्ट्रीय विधायक सम्मेलन का आयोजन एमआईटी पूणे द्वारा 14 से 18 जून, 2023 तक जियो वर्ल्ड कन्वेशन सैंटर बांद्रा-कर्ला, मुम्बई में किया जा रहा



है। इस सम्मेलन में देश की सभी विधान सभाओं से तीन हजार से अधिक विधायकगण भाग लेंगे। हिमाचल प्रदेश विधान सभा के करीब 40 विधायकगण भी इस सम्मेलन में भाग लेंगे। इस बैठक में महाराष्ट्र विधान सभा के अध्यक्ष राहुल नारवेकर, देश के पूर्व गृह मन्त्री शिव राज सिंह पाटिल, महाराष्ट्र विधानसभा तथा विधान परिषद् के सदस्यगण, कई राज्यों के पीठासीन अधिकारी तथा एमआईटी पूणे विश्व शांति विश्वविद्यालय के संरक्षक एवं संयोजक राहुल करड़ भी शामिल थे। इस सम्मेलन का मुख्य उद्देश्य जनता को सीधा विधान मण्डल से जोड ?ा तथा किस प्रकार विधान सभा की कार्यवाही की उत्पादकता बड़े और किस तरह से विधान सभा में सार्थक चचाओं का माहौल तैयार किया जा सके जैसे पहलुओं पर चर्चा की गई। इसके अतिरिक्त चुने हुए प्रतिनिधियों को उनकी जिम्मेदारियों का एहसास करवाना तथा युवाओं को प्रजातांत्रिक प्रणाली की ओर आकर्षित करना जिससे देश का लोकतन्त्र मजबूत हो। इस अवसर पर पठानिया ने कहा कि सदन लोकतन्त्र का सबसे बड़ा मन्दिर है तथा जून महीने में आयोजित होने वाले राष्ट्रीय विधायक सम्मेलन में हमें महत्वपूर्ण विषयों को चर्चा के लिए लाना होगा ताकि आगे आने वाली पीढ़ी लोकतन्त्र के महत्व को समझे और आम जन में इसके प्रति ओर अधिक विश्वास जागृत किया जा सके। पठानिया ने कहा कि राष्ट्रीय विधायक सम्मेलन का आयोजन इस दिशा में एक अहम कदम होगा तथा इसके देश हित में दूरगामी परिणाम होंगे।

# राइड विद प्राईड के किराए में बढ़ोतरी वापस लेना जनता की जीतःजयसिंह

**टीम एक्शन इंडिया/चंबा/हामिद**

परिवहन निगम द्वारा राइड विद प्राइड के किराए में की गई बढ़ोतरी को वापिस लेने के निर्णय पर प्रदेश भारतीय जनता पार्टी सचिव जय सिंह ने प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा है यह चंबा के लोगों की जीत है। गौरतलब है कि पिछले दिनों परिवहन निगम ने इस सेवा के किराए में दुगनी वृद्धि कर दी थी जिसके विरोध में लोगों ने एतराज जताया था तथा बाद में इसकी कमान जयसिंह ने लेते हुए इसके विरुद्ध आवाज उठाई तथा लोगों को इक्_ा कर प्रदर्शन के माध्यम



से तथा काले झंडे दिखाकर इसका जोरदार विरोध किया था उसका नतीजा यह हुआ कि निगम को यह वृद्धि वापस लेनी पड़ी। जय सिंह के अनुसार यह चंबा के जनता की जीत है जिसने प्रशासन तथा सरकार को किराया वृद्धि वापस लेने पर मजबूर कर दिया। जय सिंह के अनुसार आखिरकार सरकार तथा जिला प्रशासन की ओर से जनता पर थोपे गए दमनकारी तथा तानाशाही फैसलों को उसे वापस लेना पड़ा। उन्होंने कहा कि भविष्य में भी अगर जनविरोधी निर्णय सरकार या प्रशासन द्वारा लिए गए तो उसका कड़ा विरोध किया जाएगा गौरतलब है कि पथ परिवहन निगम द्वारा राइड विद प्राईड वाहन के किरायों में 2 गुना वृद्धि कर दी गई थी तथा जनहित में उठी इस मांग को 24 घंटे के भीतर भीतर सरकार तथा प्रशासन द्वारा अपने फैसले को वापस लेना पड़ा।

# प्रेस क्लब चंबा ने ऊना में हुए पत्रकारों पर हमले की कड़े शब्दों में की निंदा, बैठक कर जताया विरोध



**टीम एक्शन इंडिया/चंबा/हामिद**


एक मई को जिला ऊना के रायपुर सहोड़ा में आई ओ सी प्लांट परिसर में ट्रक ऑपरेटर के धरने की कवरेज कर रहे हैं ऊना के पत्रकारों पर किए गए हमले की प्रेस क्लब चंबा ने कड़े शब्दों में निंदा की है।

इस संदर्भ में बुधवार को प्रेस क्लब की एक बैठक क्लब के अध्यक्ष दीपक शर्मा की अध्यक्षता में हुई जिसमें इस हमले की कड़ी निंदा की गई तथा यह फैसला लिया कि उपायुक्त चंबा के माध्यम से इस संदर्भ में ज्ञापन मुख्यमंत्री तथा प्रदेश पुलिस प्रमुख को भेजा जाएगा। आपातकालीन बुलाई गई बैठक में पत्रकारों ने इस बार अपने विचार रखे तथा सभी ने एकजुट होकर कहा कि ट्रक ऑपरटरों द्वारा प्रेस क्लब ऊना के प्रधान सुरेंद्र शर्मा तथा अन्य मीडिया कर्मियों पर जो जानलेवा हमला हुआ है उसकी निंदा करते हैं तथा सरकार से इन हमलावरों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई करने की भी क्लब के सदस्यों ने मांग की तथा आरोपियों के विरुद्ध भारतीय दंड संहिता की धारा 307 हत्या के प्रयास का मामला दर्ज किया जाए। क्लब ने यह भी चेतावनी दी कि अगर सरकार प्रशासन अथवा पुलिस में लोकतंत्र के इस चौथे स्थान पर हमला करने वालों के खिलाफ कार्यवाही नहीं की तो प्रदेश भर के मीडिया कर्मी इक्_ा होकर विरोध करेंगे तथा आंदोलन पर मजबूर हो जाएंगे इसलिए सरकार को चाहिए कि वह इस मामले को गंभीरता से लें तथा दोषियों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई करें । बैठक में क्लब के महासचिव हेम ठाकुर, वरिष्ठ सदस्य एवं मुख्य संरक्षक बीके पराशर, मुख्य सलाहकार हामिद खान, सोमी प्रकाश भूवेटा, के एस प्रेमी, रिशव महेंद्रु एएमएम डेनियल, काकू चौहान, किशोर गुप्ता सहित अन्य मीडिया कर्मी मौजूद रहे।

# प्राकृतिक खेती समूह पंज्याणु द्वारा पदमश्री नेक राम शर्मा को किया गया सम्मानित

**टीम एक्शन इंडिया/मंडी/खेमचंद शास्त्री**

प्राकृतिक खेती के लिए मशहूर गांव पंज्याणु में पद्मश्री नेकराम शर्मा को सम्मानित किया गया। उनके साथ आये पूर्व जिला परिषद सदस्य व समाजसेवी श्याम सिंह चौहान मौजूद रहे। इस मौके पर महिला शक्तिकरण की दिशा में प्रयासरत और प्राकृतिक खेती की मास्टर ट्रेनर लीना शर्मा के प्राकृतिक खेती समूह ने पद्मश्री नेक राम का स्वागत किया। वहीं विभिन्न महिला मंडलों थाच, छंडयारा, पज्याणु, थाची, पन्याडू समेत अनेक महिला मंडल किसान तथा अन्य लोग उपस्थित थे। पदमश्री नेकराम शर्मा ने विलुप्त हो रहे अनाज जिसमें



कोदा, कंगनी, बिथू व जौ इत्यादि मोटे अनाजों की पौष्टीकता व इन अनाजों से होने वाले लाभों के बारे में बताया गया। राष्ट्रीय मिलेटे अभियान वर्ष 2023 में मोटे अनाजों के प्रयोग पर इस वर्ष जोर दिया जा रहा है। पद्मश्री नेकराम शर्मा लगातार गांव-गांव जाकर परंपरागत अनाज की गुणवत्ता के बारे करसोग तथा मंडी जिला के अन्य ब्लॉक में जाकर किसानों-बागवानों, विद्यालयों, महिला मंडलों युवक मंडलों से संवाद कर रहे हैं। करसोग के स्वंसेवी भी नेकराम से जुडक? पुराने अनाजों के संरक्षण एवं अधिक मात्रा में उगाने बारे उनका सहयोग कर रहे हैं।

पज्याणु में कोदे की चाय बनाकर सभी महिला पुरुषों को इसका प्रशिक्षण भी दिया। लीना शर्मा व नेक राम शर्मा ने रासायनो से हो रहे पर्यावरण पर नुक्सान व मनुष्यों में फैल रही बीमारियों के बारे अवगत करवाया। पूर्व जिला परिषद सदस्य श्याम सिंह चौहान ने कहा कि वर्ष 2023 अंतरराष्ट्रीय मिलिट के रुप में मनाया जा रहा है। पुराने अनाज हमारी संस्कृति का अभिन्न अंग रहे हैं। यह अन्न शरीर को निरोग रख सुदृढ़ बनाते हैं। इस अवसर पर कोदे से बनी चाय सबको पिलाई गई और इसके लाभ बताए गए। वहीं सभी को कोदा, कांगनी तथा सांवक के बीज भी बांटे गए। इस मौके पर ममता शर्मा, सत्या कौडल, सावित्री कौडल, किरण शर्मा, मीना शर्मा, भुवनेश्वरी, शांता शर्मा, तारा शर्मा, तेजी देवी, इत्यादि बहुत सी महिलाएं व पुरुष उपस्थित थे। उपस्थित अतिथियों को गत दिनों कृषि विज्ञान केन्द्र सुंदरनगर द्वारा पज्याणु में तैयार की गई ढींगरी की सब्जी भी परोसी गई।

# 5 मई को बिलासपुर शहर के साथ लगते क्षेत्रों में विद्युत आपूर्ति रहेगी बाधित

**टीम एक्शन इंडिया/बिलासपुर**

33/11 केवी जबली विद्युत उपकेन्द्र में उपकरणों की आवश्यक मुरम्मत एवं रख-रखाव का कार्य किया जाएगा। जिस कारण पूरे बिलासपुर शहर एवं औद्योगिक क्षेत्र, एवं नजदीकी दोनों क्षेत्रों नौणी, राजपुरा, कोठीपुरा, छडोल, गम्बर, ऋषिकेश व बेहना जहटा, जबली, रघुनाथपुरा, लखनपुर, बामटा, बंदला इत्यादि क्षेत्रों में 05 मई, 2023 को सुबह 9:30 बजे से दोपहर 2 बजे तक विद्युत आपूर्ति पूर्ण तय बन्द रहेगी। 33/11 केवी जबली में उपकरणों की आवश्यक मुरम्मत एवं रख-रखाव का कार्य मौसम की स्थिति पर निर्भर होगा।

# घायल पत्रकार के घर पहुंचे उपमुख्यमंत्री मुकेश

**टीम एक्शन इंडिया/ऊना/राजन पुरी**

प्रदेश के उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री बुधवार को ऊना जिला मुख्यालय पर स्थित वरिष्ठ पत्रकार सुरेंद्र शर्मा के घर पहुंचे और उनका कुशलक्षेम जाना। सुरेंद्र शर्मा पर सोमवार को एलपीजी बॉटलिंग प्लांट के बाहर ट्रक आपरेटरों द्वारा हमला कर उन्हें बुरी तरह से घायल कर दिया गया था। उपमुख्यमंत्री मुकश ने इस हमले की कड़े शब्दों में निंदा करते हुए कहा कि मीडिया पर किसी भी प्रकार का हमला सहन नहीं किया जाएगा। यह केवल मात्र एक पत्रकार पर हमला नहीं अपितु पत्रकारिता की स्वतंत्रता पर हमला है। उन्होंने कहा कि घटना के तुरंत बाद उपायुक्त को मामले की जानकारी हासिल करने के लिए भेज दिया गया था, वहीं पुलिस को भी इस मामले में कड़ी कार्रवाई करने के निर्देश जारी किए गए हैं।

उपमुख्यमंत्री ने घायल पत्रकार के साथ साथ घटना के दौरान मौजूद रहे अन्य पत्रकारों से पूरी घटना की



जानकारी हासिल की। मुकेश अग्निहोत्री ने कहा कि मीडिया ने सदैव समाज की भलाई के लिए समाज को आईना दिखाया है और घटना के वक्त पत्रकार ट्रक ऑपरेटरों की आवाज बुलंद करने के लिए मौके पर पहुंचे थे लेकिन उन्हीं पर ट्रक ऑपरेटरों द्वारा हमला किया जाना बेहद निंदनीय है।

इस अवसर पर पूर्व विधायक सतपाल रायजादा, एसडीएम हरोली विशाल, डीएसपी अजय ठाकुर, जिला कांग्रेस समिति अध्यक्ष रणजीत सिंह राणा, महामंत्री प्रमोद कुमार, प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सचिव अशोक ठाकुर, प्रेस क्लब ऊना के पदाधिकारी एवं अन्य उपस्थित रहे।

## हवन यज्ञ में आहुतियां डाल हुआ मिनी सचिवालय भवन का शुभारंभ

**टीम एक्शन इंडिया/ऊना/राजन पुरी**

ऊना जिला मुख्यालय के मिनी सचिवालय भवन का शुभारंभ बुधवार को हवन यज्ञ में आहुतियां डालकर किया गया। इस मौके पर उप मुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की और उन्होंने हवन यज्ञ में आहुतियां डालने के बाद रिबन काटकर मिनी सचिवालय परिसर में विभिन्न कार्यालयों का शुभारंभ किया। करोड़ों रुपए की लागत से बने नए लघु सचिवालय में जिला वासियों को विभिन्न विभागों की सेवाएं मिलेगी, जबकि कार्यालयों में भी आधुनिक सुविधाओं को मुहैया करवाया गया है।

उपमुख्यमंत्री मुकेश ने बताया कि लघु सचिवालय को 5 मंजिला तैयार किया गया है जिसके भूतल में सभी प्रकार के लाइसेंस एवं सुगम केंद्र व आधार केंद्र की सुविधा, प्रथम मंजिल में तहसीलदार कार्यालय, तहसील कोर्ट, वीडीओ कांफ्रेंस कक्ष एवं एनआइसी कार्यालय, द्वितीय मंजिल में उपमंडलाधिकारी एवं जल शक्ति विभाग कार्यालय, तीसरे मंजिल में अतिरिक्त उपायुक्त एवं जिला राजस्व अधिकारी कार्यालय, चैथी मंजिल मे उपायुक्त एवं सहायक आयुक्त कार्यालय तथा 5वीं मंजिल में पुलिस अधीक्षक कार्यालय स्थापित किए गए हैं। तैयार किए गए मिनी सचिवालय भवन के हर मंजिल में मीटिंग हॉल और प्रतीक्षालय कक्ष बनाए गए हैं। इसके अतिरिक्त भवन में लिफ्ट की सुविधा भी उपलब्ध है।

इस अवसर पर चिंतपूर्णी के विधायक सुदर्शन बबलू, ऊना के विधायक सतपाल सिंह सत्ती, पूर्व कांग्रेस विधायक ऊना सतपाल सिंह रायजादा, उपायुक्त ऊना राघव शर्मा, एसपी अर्जित सेन ठाकुर, एडीसी महेंद्र पाल गुर्जर, एसी वरिंदर शर्मा, एसडीएम विश्वमोहन देव चैहान, जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष रणजीत सिंह राणा, प्रदेश कांग्रेस कमेटी सचिव अशोक ठाकुर, प्रदेश युवा कांग्रेस के उपाध्यक्ष अखिल अग्निहोत्री, जिला कांग्रेस कमेटी महासचिव प्रवीण शर्मा, मंडलाध्यक्ष हरोली सतीश बिट्टू सहित अन्य उपस्थित रहे।

## तिउन के न्यासक मेले में महिलाओं ने किया लोकनृत्य



**टीम एक्शन इंडिया/कुल्लू/श्याम कुल्वी**

लग घाटी के तिउन गांव में माता फुं गनी के कारदार राम लाल ठाकुर व मानगढ़ पंचायत के उपप्रधान ख्याल चंद की अध्यक्षता में न्यासक मेला बड़ी धूमधाम से मनाया गया।

जिसमें अनेक प्रकार के कार्यक्रमों का आयोजन हुआ। इस अवसर पर महिलाओं ने लोकनृत्य भी किया।

इस अवसर पर माता फुंगनी के कारदार राम लाल ठाकुर ने कहा कि हर वर्ष बैशाखी महीने में लंगर-धाम का आयोजन होता है। उन्होंने कहा कि प्राचीनकाल से लेकर आजतक न्यासक मेला हर वर्ष केवल बैशाख महीने में ही मनाया जाता है और इस महीने में श्रद्धालुओं का आना जाना रहता है। सडक सुविधा न होने के कारण श्रद्धालुओं को मुश्किलों का सामना करना पड़ता है। उन्होंने प्रशाशन से मांग की है कि कालंग-कडिंगचा-सलातरी तक सडक व गढ़ों को दरुस्त किया जाए। उन्होंने श्रद्धालुओं से अपील भी की है कि मंदिर आने से पहले निषेध वस्तुओं को बाहर रखें।

## न्यूज फ्लैश

### गोहर के सात्विक कश्यप की आईआईटी जेईई मेन में बड़ी उड़ान घर में खुशी का माहौल

**टीम एक्शन इंडिया/गोहर/सुभाग सचदेवा**



हाल ही में संपन्न आईआईटी जेईई मेन की परीक्षा में गोहर के होनहार विद्यार्थी सात्विक कश्यप ने बड़ी सफ लता हासिल की है। सात्विक शर्मा गोहर क्षेत्र के अग्रणी शिक्षण संस्थान डीएवी स्कूल गोहर का विद्यार्थी है।

सात्विक कश्यप की सफलता से गोहर उपमंडल में शिक्षा के क्षेत्र में अग्रणी डीएवी गोहर की सफ लता में एक और अध्ययन जुड़ा गया है। डीएवी स्कूल गोहर ने अभी तक कई बड़े डॉक्टर इंजीनियर नेवी कैप्टन आर्मी ऑफिसर दिए हैं। वहीं डीएवी स्कूल गोहर के छात्र सात्विक कश्यप ने जेई आईआईटी मेन में सफलता प्राप्त कर स्कूल व अपने माता-पिता का नाम रोशन किया है। जिससे माता पिता शिक्षा संस्थान अध्यापक वर्ग वह गांव वासी गर्व महसूस कर रहे हैं। सात्विक कश्यप अपनी सफ लता का श्रेय अपने गुरु, माता-पिता और संबंधियों को दिया। सात्विक के पिता तरुण कश्यप इंजीनियर वह माता सीमा कश्यप अध्यापिका है। प्रधानाचार्ज ने इस सफलता के लिए सात्विक को, उसके माता-पिता तथा डीएवी स्कूल के स्टाफ को बधाई दी साथ एम उज्वल भविष्य की कामना की।

### सीए स्टोर से किसानों की आर्थिकी होगी सुदृढ़

**टीम एक्शन इंडिया/शिमला**

हिमाचल प्रदेश को प्रकृति ने कृषि अनुकूल जलवायु से नवाजा है जिसके फलस्वरूप फ ल, फू ल, सब्जियां, मशरूम, हाप्स, चाय, औषधीय और सुगंधित पौधों जैसे बागवानी उत्पाद यहां सफलतापूर्वक उगाए जा सकते हैं। देश के गर्म आर्द्र तटीय क्षेत्रों में उगाए जाने वाले फलों को छोडकरए प्रदेश में सम्भवतया अन्य सभी फल उत्पादित किए जा सकते हैं। इन सबके बीच प्रदेश के प्रगतिशील किसानों द्वारा उत्पादित अन्य गुणवत्ता वाले सेब के लिए हिमाचल दुनिया भर में प्रसिद्ध है।प्रदेश सरकार ने राज्य के बागवानों की आर्थिकी को मजबूत करने के लिए कई कदम उठाए हैं। फल उत्पादकों को प्रतिस्पर्धात्मक दरों पर अपने उत्पाद को घर के समीप बेचने और उन्हें बिचौलियों के चंगुल से बचाने के लिए बेहतर विपणन सुविधाएं प्रदान की जा रही हैं। प्रदेश के विभिन्न भागों में मार्केट यार्ड और खरीद केंद्र स्थापित किए जा रहे हैं। राज्य के सेब उत्पादकों को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने के लिए प्रदेश सरकार यूनिवर्सल कार्टन को लागू करने के लिए कानूनी अध्ययन भी करवा रही है। राज्य के विभिन्न भागों में नियंत्रित वातावरण (सीए) स्टोर खोलने का प्रयास किया जा रहा है, ताकि बागवानों को उनकी उपज का लाभकारी मूल्य मिल सके। इसके अलावा, सरकार सक्रिय रूप से एक सेब आधारित डिस्टिलरी स्थापित करने पर विचार कर रही है। यह बागवानों को आय का एक अतिरिक्त स्त्रोत प्रदान करेगी और वे छोटे आकार और निम्न गुणवत्ता के सेब वाइनरी उत्पादों के लिए बेच सकते हैं। सरकार ने बैंकों को किसानों-बागवानों के कल्याण के लिए उन्हें कृषि, मत्स्य पालन और बागवानी क्षेत्रों के लिए उदारतापूर्ण ऋण प्रदान करने के निर्देश दिए हैं ताकि प्रदेश की ग्रामीण अर्थव्यवस्था को भी मजबूत किया जा सके।

### नाबालिग युवक ने निगला नशीला पदार्थ

**टीम एक्शन इंडिया/ऊना/राजन पुरी**

सदर थाना ऊना के तहत संतोषगढ़ के 14 वर्षीय नाबालिग युवक की नशीला पदार्थ निगलने से तबीयत बिगड़ गई। गंभीर हालत में युवक को उपचार के लिए क्षेत्रीय अस्पताल ऊना लाया गया, जहां पर उसके स्वास्थ्य में सुधार आया है। मामले की पुष्टि करते हुए डीएसपी हैडक्वार्टर अजय ठाकुर ने बताया कि बुधवार सुबह युवक द्वारा नशीला पदार्थ निगलने की सूचना मिली है। पुलिस मामले की परिजनों के बयान दर्ज कर जांच कर रही है।

## थानाकलां में निकाली शोभा यात्रा



**टीम एक्शन इंडिया/ऊना/राजन पुरी**

श्री गोपाल गोधाम गोशाला थानाकलां में बुधवार को सात दिवसीय श्रीमद् भागवत ज्ञान गंगा यज्ञ सप्ताह का शुभारंभ शोभायात्रा के साथ हुआ। कथा में अंबेहडा के सुप्रसिद्ध भागवताचार्य पंडित शिव कुमार शास्त्री द्वारा भागवत कथा का रसपान कराया जा रहा है। कथा के पहले दिन राधा गोविंद मंदिर से नर्मदेश्वर महादेव मंदिर, श्री राम मंदिर में भागवत कथा के लिए शोभायात्रा निकाली गई। जिसमें कन्याएं सिर पर कलश उठाकर चल रही थी। वहीं पुरुष ,महिलाएं एवं बच्चे भी शोभायात्रा में शामिल थे। शोभायात्रा में कथा के मुख्य यजमान रिटायर्ड कर्नल टीसी राणा सहित मंदिर के मुख्य सेवक पंडित रमेश चंद शास्त्री, प्रधानाचार्य देवेंद्र चौहान, शिव कुमार, अनिता, रेखा, पंडित रामचंद व नरेंद्र सहित अन्य उपस्थित रहे।

## कुल्लू के बजौरा एवं बंजार में विकलांगता पहचान कार्यशाला आयोजित

**टीम एक्शन इंडिया/कुल्लू/श्याम कुल्वी**

आश बाल विकास केन्द्र द्वारा आंगनवाड़ी वृत्त बजौरा और बंजार में आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओ के लिए एक दिन की कार्यशाला का अयोजन किया गया। जिसका मुख्य उद्देश्य कार्यकताओं को दिव्यांगता कि पहचान सबंधी जानकारी देना तथा सांफिया फाउंडेशन द्वारा दिव्यांग बच्चों के विकास के लिये दी जाने बाली थैरेपी सेवाएँ एवं अन्य सेवाओं के बारे जानकारी देना रहा।

जिस अवसर पर बंजार में सीडीपीओ चंपा देवी एवं प्रयवेक्षक इंदिरा देवी तथा बजौरा में प्रयवेक्षक अंकेश अवस्थी मुख्य रुप से कार्यशाला में




उपस्थित रहे उन्होंने महत्पूर्ण जानकारी देने के लिए संस्था का धन्यवाद जताया।

बीजू, कार्यक्रम प्रबंधक ने जानकारी देते हुए बताया कि बजौरा में साम्फिा फाउंडेशन के निदेशक डॉ. श्रुति भारद्वाज के नेतृत्व में टीम नें दिव्यांगता पर प्रकाश डाला वहीं बंजार में फाउंडेशन के फिजियोथेरेपिस्ट डॉ. अनु राणा के नेतृत्व में टीम नें दिव्यांगता के बारे में आंगनवाड़ी कार्यकताओं को जागरूक किया। बता दें कि सांफिया फाउंडेशन जिला कुल्लू में पिछले चार वर्षों से दिव्यांग बच्चों को विभिन्न तरह की थैरेपी सेवाएँ प्रदान कर रहा है जैसे फिजियोथैरेपी, ऑक्यूपेशनल थेरेपी, स्पीच थेरेपी एवं स्पेशल एजुकेशन आदि। इस अवसर सांफिया फाउंडेशन की तरफ से डॉ. आर्य एम, धनेश्वरी ठाकुर, निशा, मान चंद एवं टेक चंद आदि मौजूद रहे।

## लुहरी जल विद्युत परियोजना स्टेज-1 द्वारा बांटी गई चिकित्सा सामाग्री

**टीम एक्शन इंडिया/रामपुर बुशहर/लिहांटू**

लुहरी जल विद्युत परियोजना स्टेज-1 द्वारा निगम पर्यावरणीय दायित्व योजना के अंन्तर्गत जन स्वास्थ्य केंद्र शमाथला, नित्थर तथा जन स्वास्थ्य उपकेंद्र नीरथ और कोयल को चिकित्सा उपकरण तथा चिकिस्त्य सामग्री प्रदान की गई। इसमे रोगी बिस्तर, व्हीलचेयर, अस्पताल क्रेष कार्ट ट्रॉली, आइवी स्टैंड, पल्ज ऑक्सीमीटर, इत्यादि उपकरण उपलब्ध करवाये गए । प्रभावित क्षेत्र के जन स्वास्थ्य केन्द्रो में




मुलभूत सुविधायें प्रदान करने के उदेष्य से यह उपकरण प्रदान किए है ताकि जन स्थानीय जनता को स्वास्थ्य केन्द्रो का सुद्दढीकरण हो सके। इस प्रकार के कार्य से स्थानीय जनता को स्वास्थ्य सुविधाओं का फायदा मिलेगा। इस उपलक्ष पर परियोजना प्रमुख सुनील चौधरी द्वारा नीरथ ,गड़ेज, शमाथला व देहरा के पंचायत प्रतिनिधियों को उपरोक्त सामग्री उपलब्ध करवाई गयी। प्रभावित पंचायत प्रतिनिधियों द्वारा एसजेवीएन लुहरी जल विद्युत परियोजना की इस पहल के लिए आभार प्रकट किया इस अवसर पर नंद लाल महाप्रबंधक वित्त एवं लेखा, अलका जायसवाल अपर महाप्रबंधक आर एड आर , राजेद्रर सिहं प्रबंधक मानव संसाधन मौजूद थे।

## बड़साला में दुकान से शराब बरामद

**टीम एक्शन इंडिया/ऊना/राजन पुरी**

थाना ऊना के तहत बड़ासाला में पुलिस ने एक दुकान से अवैध शराब बरामद की है। पुलिस ने अवैध शराब रखने के आरोप में दुकानदार के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। जानकारी के मुताबिक ऊना पुलिस की टीम मंगलार रात्रि बडसाला में गश्त कर रही थी। इस दौरान गुप्त सूचना के आधार पर विनय कुमार उर्फ काकू की दुकान की तलाशी ली। जहां से पुलिस को 12 बोतल अवैध शराब बरामद हुई। एसपी ऊना अर्जित सेन ने बताया कि पुलिस ने दुकानदार के खिलाफ मामला दर्जकर जांच शुरू कर दी है।

## विभिन्न संस्थाओं ने 15 स्कूलों में छात्रों को दी 3000 से अधिक कॉपियां



**टीम एक्शन इंडिया/मंडी/खेमचंद शास्त्री**

दीन सहायक ट्रस्ट गांधी भवन मंडी की ओर से आर्थिक रूप से कमजोर छात्रों के लिए के कॉपी वितरण समारोह आयोजित किया गया। ट्रस्ट मंडी शहर के लगभग 15 स्कूलों के सैंकड़ों बच्चों को लगभग 3 हजार कॉपियां वितरित कर चुकी हैं। बुधवार को ट्रस्ट द्वारा मंडी शहर के 8 स्कूलों के बच्चों को कॉपियां वितरित की गई। इस दौरान ट्रस्ट के ट्रस्टी तेजिंद्र वैद्य ने कहा कि कॉपी वितरण समारोह का मुख्य उद्देश्य आर्थिक रूप से कमजोर बच्चों की सहायता करना है ताकि वह शिक्षा से वंचित ना रहे। उन्होंने कहा कि इसके साथ ही दिन सहायक ट्रस्ट गाँधी भवन मंडी समाज हित के जनकल्याण कारी कार्य कर रही हैं और जरूरतमंद लोगों की मदद कर रहा हैं।

उन्होंने कहा कि आगामी समय मे ट्रस्ट ने फैसला लिया है कि इस अभियान को हर साल आयोजित करेगा और आर्थिक रूप से कमजोर छात्रों की ढाल बनेगा।

दिन सहायक ट्रस्ट गांधी भवन द्वारा राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठाशाला बाड़ी गुमाणु में आयोजित कॉपी वितरण समारोह में लगभग 300 कॉपियां बच्चों को वितरित की गई, जिसके लिए स्कूल की वॉइस प्रिसिंपल नीरज शर्मा ने ट्रस्ट का आभार प्रकट करते हुए कहा कि ऐसा पहली बार हो रहा कि स्कूलों में आर्थिक रूप से कमजोर बच्चों के लिए लोग आगे आ रहे हैं, इससे बच्चों का मनोबल बढ़ेगा और उनकी पढ़ाई के प्रति रुचि बढ़ेगी।मेरे अपने संस्था के सह संयोजक अनिल शर्मा ने कहा कि मंडी नगर निगम के दायरे में जितने भी स्कूल हैं वहाँ जाकर दिन सहायक ट्रस्ट ने कॉपियां वितरित की हैं। उन्होंने कहा कि ट्रस्ट ने जहाँ शहर के 15 स्कूलों के बच्चों को कॉपियां वितरित की हैं, वहीं कन्या स्कूल में मेरे अपने संस्था द्वारा कॉपियां वितरित की गई हैं।

## महिला सम्मान बचत पत्र योजना में निवेश पर मिलेगा 7 .5 प्रतिशत ब्याज

**टीम एक्शन इंडिया/सोलन/मनीष**

डाक विभाग की ओर से महिलाओं के लिए महिला सम्मान बचत पत्र योजना शुरू की गई है। यह जानकारी गत दिवस को अधीक्षक डाकघर सोलन मंडल राम देव पाठक ने दी।राम देव पाठक ने कहा कि महिला सम्मान बचत पत्र योजना की अवधि दो वर्ष है और इस योजना के अंतर्गत निवेश पर 7.5 प्रतिशत ब्याज प्रदान किया जाएगा। उन्होंने कहा कि इस योजना के अंतर्गत कोई भी महिला तथा अव्यस्क बालिका न्यूनतम एक हजार रुपये से लेकर अधिकतम 02 लाख रुपये तक की राशि का



निवेश कर सकती है। उन्होंने कहा कि महिला सम्मान बचत पत्र योजना के तहत तीन माह के अंतराल में कई खाते खोले जा सकते है, किंतु अधिकतम निवेश की सीमा 02 लाख रुपये ही रहेगी। योजना के तहत ब्याज तिमाही के आधार पर समायोजित कर खाते में जमा किया जाएगा।राम देव पाठक ने कहा कि योजना में एक वर्ष के उपरांत जमा राशि के अधिकतम 40 फीसदी की निकासी का प्रावधान है। उन्होंने कहा कि खाता खोलने की तिथि के 06 माह के उपरांत खाता बंद भी किया जा सकता है, ऐसा करने पर योजना की देय ब्याज राशि घटकर 5.5 प्रतिशत रह जाएगी।

उन्होंने कहा कि इच्छुक महिलाएं अपना आधार कार्ड, पासपोर्ट साईट फ ोटो और फ ोन नम्बर सहित अपने नजदीक डाकघर में योजना के लिए खाता खुलवा सकती हैं। राम देव पाठक ने कहा कि महिला सम्मान बचत पत्र योजना में आवेदन के लिए सभी महिलाएं पात्र हैं। उन्होंने कहा कि अधिक जानकारी के लिए डाकघर सोलन मंडल सपरून के कार्यालय के दूरभाष नम्बर 01792-220521 पर सम्पर्क किया जा सकता है।

## बडूही में हरियाणा रोडवेज की बस दुर्घटना, परिचालक की मौत

**टीम एक्शन इंडिया/ऊना/राजन पुरी**

उपमंडल अंब के तहत बडूही में बुधवार तडके बड़ा सडक हादसा पेश आया। हरियाणा के फतेहाबाद से बैजनाथ जा रही हरियाणा रोडवेज की बस बेकाबू होकर सडक किनारे सफेदे के पेड़ से टकराने के साथ ही एक घर की दीवार से भी जा टकराई। हादसे में बस परिचालक की मौत हो गई, जबकि चालक सहित छह लोग घायल है। इनमें 2 वर्षीय बच्ची भी शामिल है। मृतक परिचालक की पहचान वीरेंद्र कुमार पुत्र सुकरम पाल निवासी महेंद्रगढ़ हरियाणा के रूप में हुई है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर



पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। वहीं मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

जानकारी के मुताबिक बुधवार सुबह 4 बजे हरियाणा रोडवेज की बस बल्लभगढ़ से बैजनाथ जा रही था कि बडूही में पहुंचने पर बस अनियंत्रित होकर सफेदे के पेड़ से टकरा गई। इसके बाद बस दूसरी दिशा में एक घर में घुस गई, जहां घर के अंदर सो रहे मां-बेटा भी इसकी चपेट में आने से बुरी तरह से घायल हो गए। दुर्घटना में परिचालक वीरेंद्र कुमार की मौके पर मौत हो गई, जबकि ड्राइवर भूपिंदर सिंह निवासी झज्जर हरियाणा की टांगें टूट गई। इसके अलावा बस में सवार बैजनाथ पपरोला के रहने वाले चंदन चौहान, उसकी पत्नी संगीता व 2 वर्ष की बेटी शमया भी घायल हुई है। इतना ही नहीं मकान में सो रहे रेखा देवी व उसका बेटो नितिन चौधरी भी चोटिल हुए हैं। बस के पेड़ से टकराने की आवाज सुनकर आसपास के लोग फौरन घटनास्थल की तरफ भागे। लोगों ने फौरन बस में चढकर घायलों को बाहर निकालने का काम शुरू कर दिया। सभी घायलों को उपचार के लिए क्षेत्रीय अस्पताल ऊना लाया गया, जहां एक यात्री को बेहद नाजुक हालत के चलते पीजीआई चंडीगढ़ रेफर कर दिया गया। एसपी ऊना अर्जित सेन ने मामले की पुष्टि करते हुए बताया कि पुलिस ने घटना के संबंध में केस दर्ज कर लिया है। मामले की जांच शुरू कर दी है। बस में सवार यात्रियों के बयान दर्ज किए जा रहे हैं।

## टकोली स्कूल में 26 बच्चों का एनसीसी में चयन




**टीम एक्शन इंडिया/ऊना/राजन पुरी**

राजकीय आदर्श वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला टकोली में एनसीसी वाहिनी ऊना की ओर से कक्षा आठवीं और नौवीं के विद्यार्थियों के लिए चयन प्रक्रिया आयोजित की गई। एनसीसी कैडेट्स का चयन जेसीओ सुनील कुमार व हवलदार करतार चंद ने किया। 40 बच्चों में से 26 बच्चों का शारीरिक व शैक्षणिक शिक्षा के आधार पर चयन किया गया। चयन प्रक्रिया में एनसीसी प्रभारी प्रिया शर्मा सहित प्रधानाचार्य उपस्थित रहे।

# तीन माह के भीतर तंबाकू मुक्त होंगे जिला के सभी शिक्षण संस्थान : उपायुक्त

## शिक्षण संस्थानों के आस-पास तंबाकू उत्पाद बेचने वालों के खिलाफ होगी कार्रवाई

**टीम एक्शन इंडिया/चंबा/हामिद**
उपायुक्त अपूर्व देवगन ने कहा है कि जिला में सभी शिक्षण संस्थानों को अगले तीन माह के भीतर तंबाकू मुक्त घोषित करने के लिए विशेष मुहिम के तहत गतिविधियों का आयोजन सुनिश्चित बनाया जाए। उपायुक्त ने ये भी निर्देश दिए कि राष्ट्रीय तंबाकू नियंत्रण कार्यक्रम (एनटीसीपी) के तहत तंबाकू सेवन से होने वाले दुष्प्रभावों के प्रति जागरूकता एवं जानकारी लाने के लिए सभी संबंधित विभागों द्वारा आवश्य कार्यवाही सुनिश्चित बनाई जाए। वे आज डॉ. राजेंद्र प्रसाद राजकीय आयुर्विज्ञान चिकित्सा महाविद्यालय के तत्वावधान में



आयोजित जिला स्तरीय समन्वय समिति बैठक की अध्यक्षता करते हुए बोल रहे थे। जिला में हिमाचल प्रदेश तंबाकू नियंत्रण प्रगामी केंद्र (कैच) के टॉफी कार्यक्रम को पूर्ण प्रभावी रूप से कार्यान्वित करने के लिए उपायुक्त ने स्वास्थ्य विभाग एवं शिक्षा विभाग के अधिकारियों को अगले तीन माह की समय सीमा निर्धारित करते हुए जिले में सभी शिक्षण संस्थानों को तंबाकू मुक्त संस्थान घोषित करने के निर्देश जारी किए। उन्होंने कहा कि ये भी सुनिश्चित बनाया जाए कि किसी भी शिक्षण संस्थान की एक सौ (100 मीटर) मीटर की परिधि के भीतर तबाकू उत्पादों की बिक्री ना हो। नियमों के उल्लंघन की अवस्था में कार्यवाही की जाए। उन्होंने जिला में कोटपा अधिनियम 2003 के प्रावधानों को कड़ाई से लागू करने को निर्देशित किया। अपूर्व देवगन ने पंचायत स्तर पर प्रभावी व्यवस्था सुनिश्चित बनाने की आवश्यकता पर जोर देते हुए कहा कि सरकार द्वारा तंबाकू मुक्त पंचायत घोषित होने पर पांच लाख रुपए की राशि उपलब्ध करवाने का प्रावधान है। उन्होंने स्वास्थ्य विभाग के साथ जिला ग्रामीण विकास अभिकरण (डीआरडीए) को भी संयुक्त रूप से कार्यवाही के लिए निर्देशित किया।उपायुक्त ने समन्वय समिति और जिला व खंड स्तरीय उड? दस्तों के प्रभावी कार्यान्वयन को सुनिश्चित बनाने के निर्देश भी दिए। इस दौरान परियोजना समन्वयक डॉ. साक्षी सुपहिया ने तंबाकू मुक्त अभियान में सहयोग देने वाली संस्थाओं एवं कार्य योजना से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारियां साझा की। उन्होंने यह भी बताया कि तंबाकू क्विट हेल्पलाइन 1800-11-2356 व 104 के माध्यम से चिकित्सीय परामर्श लिया जा सकता है। जिला कार्यक्रम अधिकारी स्वास्थ्य डॉ. करण हितेषी ने बैठक में जिला स्तर पर आयोजित की जा रही विभिन्न गतिविधियों की जानकारी प्रदान की।

# रोजगार मेले के लिए जिला पंचायत केंद्र तैयार

**टीम एक्शन इंडिया/हमीरपुर/ विवेकानंद वशिष्ठ**
आईटीआई, पॉलीटेक्निक और फार्मा के डिप्लोमाधारकों, बीएससी, बीए, बीकॉम, बीटेक, एमबीए और अन्य उच्च शिक्षा प्राप्त युवाओं के साथ-साथ आठवीं-दसवीं एवं बारहवीं पास युवाओं को भी रोजगार प्रदान करने के लिए वीरवार को सलासी स्थित जिला पंचायत संसाधन केंद्र में आयोजित किए जा रहे लघु रोजगार मेले की सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। जिला प्रशासन, श्रम एवं रोजगार विभाग और हिमाचल प्रदेश कौशल विकास निगम के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित किए जा रहे इस लघु रोजगार मेले में लगभग 30 बड़ी कंपनियां युवाओं को जॉब ऑफर लैटर प्रदान करेंगी। उपायुक्त हेमराज बैरवा ने बताया कि 18 से 45 वर्ष तक के युवाओं के लिए यह लघु रोजगार मेला एक बहुत ही अच्छा अवसर है, क्योंकि इसमें इंडोराम इंडिया प्राइवेट लिमिटेड, मोर्पेन लैबोरेट्रीज प्राइवेट लिमिटेड,



आईटीसी लिमिटेड, एमवीएम इंडस्ट्रीज, डाबर इंडिया, सिप्ला, प्रॉक्टर एंड गैंबल, लिगेसी फू ड्स, टेक महेंद्रा, जस्ट डायल, प्लैनेट स्पार्क, लावा मोबाइल, क्वैस और कई अन्य प्रसिद्ध कंपनियां भाग ले रही हैं।
उपायुक्त ने बताया कि मुख्यमंत्री ने अपने बजट भाषण में विशेष रूप से प्रदेश भर में रोजगार मेलों के आयोजन की घोषणा की है और इसी कड़ी में सलासी में लघु रोजगार मेला आयोजित किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि इच्छुक युवा सभी शैक्षणिक प्रमाण पत्रों की मूल प्रतियों, हिमाचली बोनाफ इड प्रमाण पत्र, रोजगार पंजीकरण कार्ड और दो पासपोर्ट साइज फोटो के साथ इस लघु रोजगार मेले में साक्षात्कार दे सकते हैं।
उन्होंने पात्र युवाओं से इस अवसर लाभ उठाने की अपील की है। अधिक जानकारी के लिए जिला रोजगार कार्यालय के दूरभाष नंबर 01972-222318 और मोबाइल नंबरों 85913-45920, 70180-80851, 82190-40027 और 94180-06661 पर संपर्क किया जा सकता है।

## न्यूज फ्लैश

### प्रॉक्टर एण्ड गैम्बेल इंडिया ने अपने चौथे वी सी इक्वल समिट में नई प्रतिबद्धताओं की घोषणा की



**शिमला**:
विक्स,एरियल,जिलेट,पैम्पेर्स आदि जैसे ब्रांड्स की निमार्ता प्रॉक्टर एण्ड गैम्बंल इंडिया (पी एन्ड जी ) ने आज अपने चौथे वार्षिक वी सी इक्वल इक्वैलिटी एण्ड इनक्लूंजन समिट 2023 में देश में समानता एवं समावेशन को बढ़ावा देने पर लक्षित नई प्रतिबद्धताओं की घोषणा की है ।इस आयोजन में समानता और समावेशन को लेकर समाज के सामने खड़ी चुनौतियों पर चर्चा के लिये विशिष्ट समर्थक और व्यक्तित्व एकजुट हुए। इसमें बताया गया कि विभिन्न साझीदार कैसे लैंगिक सशक्तिकरण जैसे मुद्दों पर मिलकर प्रगति को तेज कर सकते हैं तथा विज्ञापन एवं मीडिया में समावेशन को दोबारा परिभाषित कैसे किया जा सकता है। यूनिक और यूनाइटेड थीम पर आधारित समिट के मूल में यह विचार था कि ह मारी ताकत हमारे अनूठेपन में है हमारी मजबूती हमारी एकजुटता में है ।समिट में पीएण्डजी इंडिया के एमडी एवं सीईओ एलवी वैद्यनाथन ने मौजूदा विमर्श को चुनौ?ती देने के लिये नई प्रतिबद्धताओं की घोषणा की और प्रगति के लिये जरूरी कार्यवाहियों का वादा किया तथा विगत समय में की गई प्रतिबद्धताओं पर जानकारियाँ दीं। पीएण्डजी इंडिया के एमडी एवं सीईओ एलवी वैद्यनाथन ने कहा पीएण्डंजी में हमारा मानना है कि हर किसी की पृष्ठभूमि,नजरिया और अनुभव अलग होता है जो व्यंवसायों और समाज में तरक्की के दरवाजे खोल सकता है ।वी सी इक्वल हमारा वार्षिक समानता एवं समावेशन समिट है जिसका मकसद अग्रणी आवाजों को एक मंच पर लाना है जहाँ बदलाव को गति देने वाला संवाद प्रोत्साहित हो। हमारी नई प्रतिबद्धताओं का लक्ष्य नये और सतत कामों तथा भागीदारियों की एक श्रृंखला के माध्यम से हमारी प्रगति में शीघ्रता लाना है ।उन्होंने आगे कहा भारत में हमने कई कार्यक्रम लॉन्च किये हैं जिन्होंने भेदभाव मिटाने और रुढ़ियों को चुनौती देने में हमारी मदद की है ।चाहे एरियल शेयर द लोड हो या व्हिस्पर कीप गर्ल्स इन स्कूल जैसी ब्रांड की पहलें हों या हाल ही के लीड विथ केयर जैसी प्रगतिशील नीतियाँ जो दिव?यांग बच्चो के अभिभावक कर्मचारियों को सहयोग देती हैं ।हमने बड़ा सकारात्मक बदलाव देखा है लेकिन हम यह भी जानते हैं कि अभी बहुत काम करना बाकी है ।हम एक ज्यादा बराबरी वाले और समावेशी भविष्य का मार्ग प्रशस्त करने के लिये अपनी भूमिका निभाने के लिए प्रतिबद्ध हैं ।पीएण्डजी इंडिया समिट के चौथे संस्क्रण में व्यवसायों के नेतृत्वकर्ता,सरकारी अधिकारी और व्यक्तित्व उन रणनीतिक कार्यवाहियों पर बेबाक बातचीत से जुड़े जिन्हें समानता और समावेशन बढ़ाने के लिये किया जा सकता है ।पी एण्ड जी के वैश्विक और क्षेत्रीय नेतृत्वकताओं के साथ साथ इस समिट में प्रभावशाली व्यक्तित्वों और वैश्विक नेतृत्वकताओं ने भी भाग लिया।

### टोयोटा किर्लोस्कर मोटर ने नई इनोवा क्रिस्टा के टॉप ग्रेड की कीमतों की घोषणा की



**धर्मशाला**: टोयोटा किर्लोस्कर मोटर(टीकेएम) ने आज नई इनोवा क्रिस्टा के शीर्ष दो ग्रेड जेडएक्स और वीएक्स की कीमतों की घोषणा की ।यह वाहन एक उन्नत फ्रंट फेशिया के साथ आता है जिसे एक मजबूत उपस्थिति के लिए विशिष्ट प्राथमिकताओं को ध्यान में रखते हुए डिजाइन किया गया है जिससे भारतीय परिवारों, व्यवसायियों और कॉर्पोरेट्स की आवश्यकताओं को पूरा किया जा सके ।प्रतिष्ठित एमपीवी 2005 में भारत में अपनी शुरूआत के बाद से अपने सेगमेंट में अग्रणी रही है जिसकी अब तक एक मिलियन से अधिक इकाइयां बिक चुकी हैं। इस साल की शुरूआत में बुकिंग शुरू होने के बाद से इस वाहन को जबरदस्त प्रतिक्रिया मिली है ।अतुल सूद, वाइस प्रेसिडेंट सेल्स एंड स्ट्रेटेजिक मार्केटिंग, टोयोटा किर्लोस्कर मोटर ने कहा हमें नई इनोवा क्रिस्टा डीजल के शीर्ष दो ग्रेड की कीमतों की घोषणा करते हुए खुशी हो रही है। अपने सख्त और ऊबड़ खाबड़ फ्रंट प्रावरणी के साथ और शैली आराम और प्रदर्शन का एक सही मिश्रण नई इनोवा क्रिस्टा निश्चित रूप से प्रसिद्ध इनोवा की विरासत को आगे बढ़ाएगी। वाहन उन्नत सुरक्षा सुविधाओं का दावा करता है जो सुनिश्चित करता है यात्रियों की अत्यधिक सुरक्षा और हमें विश्वास है कि हमारे ग्राहक इस वाहन द्वारा पेश किए गए बेहतर ड्राइविंग अनुभव की सराहना करेंगे और आनंद लेंगे ।न्यू इनोवा क्रिस्टा 50000 रुपये में बुकिंग के लिए उपलब्ध

# नाबालिगा को भगा कांगड़ा के युवक ने रचाई शादी

## शिकायत के बाद पुलिस ने किया मामला दर्ज

**टीम एक्शन इंडिया/ऊना/राजन पुरी**
थाना बंगाणा के तहत एक गांव में रह रही प्रवासी महिला ने कांगड़ा के एक युवक पर अपनी नाबालिग बेटी को भगाने कर शादी करवाने का आरोप लगाया है। साथ ही युवक के परिजनों पर धमकाने की शिकायत भी पुलिस को दी है। पुलिस ने महिला की शिकायत पर युवक के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस को दी शिकायत में यूपी की महिला ने बताया कि मेरी नाबालिग बेटी को कांगड़ा का युवक दो दिन पहले जबरदस्ती भगाकर ले गया और शादी कर ली। उन्होंने आरोप लगाया कि युवक के माता-पिता पुलिस में शिकायत को लेकर जान से मारने की धमकियां भी दी। महिला का कहना है कि बेटी को भगाने में लडके के जीजा व गांव की एक महिला का भी हाथ है। ऐसे में इनपर कानूनी कार्रवाई अमल में लाई जाई। डीएसपी हैडक्वार्टर अजय ठाकुर ने बताया कि पुलिस ने महिला की शिकायत पर कांगड़ा के युवक के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# जिला युवा महोत्सव में भाग लेने के लिए संपर्क करें इच्छुक युवा

**इंडिया/हमीरपुर/विवेकानंद वशिष्ठ**
नेहरू युवा केंद्र हमीरपुर इसी माह के तीसरे या चौथे सप्ताह में जिला स्तरीय युवा महोत्सव-2023 का आयोजन करने जा रहा है। इस महोत्सव में 15 से 29 वर्ष के आयु वर्ग के प्रतिभागी सम्मिलित हो सकते हैं। नेहरू युवा केंद्र की जिला युवा अधिकारी दीपमाला ठाकुर ने बताया कि महोत्सव के दौरान पांच प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएंगी। इनमें सामूहिक नृत्य एवं गायन, भाषण प्रतियोगिता, यंग आर्टिस्ट-चित्रकला प्रतियोगिता, मोबाइल फोटोग्राफी और युवा लेखक-कविता लेखन एवं पठन प्रतियोगिता शामिल रहेगी। जिला




युवा अधिकारी ने बताया कि भाषण प्रतियोगिता में प्रथम तीन विजेताओं को क्रमशः 5000 रुपये, 2000 रुपये और 1000 रुपये की पारितोषिक राशि, प्रशस्ति पत्र और स्मृति चिह्न प्रदान किया जाएगा। सामूहिक नृत्य में प्रथम तीन विजेताओं को क्रमशः 5000 रुपये, 2500 रुपये और 1000 रुपये की पारितोषिक राशि, प्रशस्ति पत्र और स्मृति चिह्न दिया जाएगा। कविता लेखन में प्रथम तीन विजेताओं को क्रमशः 1000 रुपये, 750 रुपये और 500 रुपये की पारितोषिक राशि, प्रशस्ति पत्र और स्मृति चिह्न मिलेगा। मोबाइल फोटोग्राफी प्रतियोगिता और चित्रकला प्रतियोगिता के विजेताओं को भी यही पुरस्कार मिलेंगे। दीपमाला ठाकुर ने बताया कि जिला स्तर के विजेताओं को राज्य स्तरीय युवा महोत्सव-2023 में भाग लेने का अवसर प्रदान किया जाएगा और राज्य स्तर के विजेता राष्ट्रीय स्तरीय युवा महोत्सव में हिमाचल प्रदेश का प्रतिनिधित्व करेंगे। जिला स्तरीय युवा महोत्सव-2023 में भाग लेने के इच्छुक युवा उपायुक्त कार्यालय परिसर हमीरपुर के निकट बचत भवन में स्थित नेहरू युवा केंद्र के कार्यालय में या दूरभाष नंबर 01972-222271 और ईमेल आईडी हमीरपुर एट द रेट जीमेल डॉट कॉम पर संपर्क कर सकते हैं।



मुम्बई के ब्रांद्रा-कूर्ला स्थित जियो वर्ल्ड कन्वेशन सैंटर में राष्ट्रीय विधायक सम्मेलन की तैयारियों से सम्बन्धित आयोजित प्रारम्भिक बैठक के दौरान देश के पूर्व गृह मंत्री शिवराज सिंह पाटिल के साथ विधान सभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया

# हिम आंचल संघ खंड गगरेट का द्विवार्षिक चुनाव 7 को

**टीम एक्शन इंडिया/ऊना/राजन पुरी**
हिम आंचल पेंशनर्स खंड गगरेट का द्विवार्षिक चुनाव 7 मई दौलतपुर चौक में होगा। इस चुनाव में राज्य मुख्य संरक्षक रमेश भारद्वाज, मुख्य प्रैस सचिव ऊना रोशन लाल चौधरी, जिला अध्यक्ष ऊना राज कुमार शर्मा चुनाव पर्यवेक्षक होंगे। रमेश भारद्वाज ने सभी पेंशनरों से आग्रह किया कि रविवार को उपरोक्त चुनावी सभा में अपनी हाजिरी दर्ज करवाएं। जानकारी देते हुए प्रेस सचिव सतदेव पराशर ने बताया कि इस चुनाव में राज्य वित्त सचिव ओम राज कंवर विशेष रूप से उपस्थित रहेंगे।

# विश्व जागृति मिशन कुल्लू ने सुधांशु जी महाराज के जन्मदिन पर अस्पताल में बांटे फल



**टीम एक्शन इंडिया/कुल्लू/श्याम कुल्वी**
विश्व जागृति मिशन कुल्लू के सदस्यों ने क्षेत्रीय अस्पताल कुल्लू में सुधांशु जी महाराज के जन्मदिन के मौके पर फल और बिस्कुट वितरित किए। उनके साथ कारसेवा दल के सदस्य और मानवाधिकार सेवा संघ की प्रदेश अध्यक्ष कल्पना शर्मा भी उपस्थित रही। इस अवसर पर विश्व जागृति मिशन के प्रधान पवन गुप्ता ने बताया आज महाराज का जन्मदिन उल्लास पर्व के रूप में मनाया गया और अस्पताल कुल्लू व ब्लाइंड स्कूल के बच्चों को फल व बिस्कुट बांटे गए।
इस अवसर पर पवन गुप्ता ने कहा कि ऋषि प्रणीत परम्पराओं के पक्षधर आचार्य सुधांशु जी महाराज ऐसे ही संत हैं जिन्होंने बचपन से ही घर-परिवार का मोह छोडकर गुरुकुल में गुरु के सान्निध्य में ज्ञानार्जन किया। विद्यालय-महाविद्यालयों की शिक्षा के उपरान्त सामाजिक सेवा करते हुए वे ध्यान योग की ओर अग्रसर हुए। उत्तरकाशी में योगीराज पूज्यपाद स्वामी सदानन्द जी महाराज की कृपा से सुधांशु जी महाराज ध्यान में प्रगति हुई। समय-समय पर ध्यान सिद्धि हेतु उत्तरकाशी हिमालय के त्रिशूल घाटी में कोशानी क्षेत्र में हिमाचल के किन्नौर व कुल्लु से रोहतांग क्षेत्र में तथा अन्य पर्वतीय क्षेत्र में साधना करते हुए आत्मबोध को उपलब्ध किया। इस अवसर पर अखिलेश कपूर संयोजक हिमाचल, तिलक राज महासचिव, जगराता कमेटी कुल्लू के सदस्य भी साथ रहे।

# कुल्लू की मठ कालोनी में भूस्खलन से 20 मकानों को खतरा

**टीम एक्शन इंडिया/कुल्लू/श्याम कुल्वी**
कुल्लू की मठ कालोनी में भूस्खलन से 20 मकानों को खतरा हो गया है। 9 मार्च, 2015 को हुए भूस्खलन से अब फि र से खतरे के बादल मंडराने लगे हैं। पूर्व में हुए भूस्खलन के कारण सुदर्शन सांख्यायन के मकान को भारी नुकसान पहुंचा था। प्रभावित सुदर्शन सांख्यायन ने बताया कि अब भूस्खलन फि र से शुरू हो गया है जिससे उनके बगीचे को तो में भारी मलवा आ चुका है जबकि मकान को भी खतरा हो गया है। उन्होंने कहा



कि यदि भूस्खलन बढ़ गया तो इनर आखाड़ा बाजार के 20 से अधिक मकान इसकी चपेट में आ सकते है और भारी जान.माल का नुकसान हो सकता है। उन्होंने कहा कि नगर परिषद की सुरक्षा दीवार भी तहस-नहस हो गई है और स्कूली मार्ग होने के कारण छात्राएं भी दहशत में हैं। उन्होंने कहा कि नगर परिषद कुल्लू ने निकासी की उचित व्यवस्था नहीं की है जिस कारण रिसाव के कारण पहाड़ भी अंदर से खोखले हो गए हैं।
उन्होंने कहा कि इनर आखाड़ा में रह रहे 20 परिवार भी खौफ में हैं और यह परिवार रात भर नहीं सो पा रहे हैं। गत दिनों हुए भूस्खलन से उनके बगीचे को भारी नुकसान पहुंचा है। एक अनार की नर्सरी भी तहस नहस हो गई है। उन्होंने नगर परिषद व जिला प्रशासन से मांग की है कि इस भूस्खलन की व्यवस्था की जाए ताकि जनता चैन की नींद सो सके।

# बार-बार धामों के उद्घाटन अनावरण करके हंसी के पात्र बन रहे विधायक

**टीम एक्शन इंडिया/हमीरपुर/ विवेकानंद वशिष्ठ**
भाजपा पूर्व सैनिक प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक एवं वर्तमान में जिला परिषद सदस्य कैप्टन रंजीत राणा सुजानपुर भाजपा मंडल मीडिया प्रभारी विनोद ठाकुर ने सुजानपुर विधायक पर तीखा हमला किया है उन्होंने कहा कि विधायक सुजानपुर विधानसभा क्षेत्र में पूर्व में रही भाजपा सरकार के समय बनकर तैयार हुए धामो का उद्घाटन और यहां पर स्थापित प्रतिमाओं का अनावरण कर रहे हैं ऐसा कार्य करके वह हंसी के पात्र बन रहे हैं लोगों में चर्चा यह है कि जब यह धाम बनकर तैयार हो गए हैं सैकड़ों लोग इनका दीदार कर चुके हैं तो बार बार इनका उद्घाटन और



स्थापित प्रतिमाओं का अनावरण क्यों किया जा रहा है क्या केवल विधायक जग हंसाई के लिए सब कुछ कर रहे हैं या उनका मात्र एक ही काम रह गया है कि हर स्थान पर उनके नाम के पट्टिका लगाई जाए उन्होंने कहा कि करीब एक महीना पहले उन्होंने आदि नवदुर्गा धाम का उद्घाटन किया लेकिन इस धाम का पहले ही विधिवत उद्घाटन और मूर्ति पूजन कार्य हो चुके थे उसके बावजूद विधायक ने खंड विकास अधिकारी पर दबाव बनाकर फिर से यहां इस धाम का उद्घाटन कर पट्टिका लगाई वहीं बीते कल विधायक ने मयार्दा पुरुषोत्तम राम धाम में पहुंचकर मूर्ति अनावरण का कार्य किया जबकि तमाम मूर्तियां विधिवत बीते माह नवरात्र में स्थापित हो चुकी थी उनका अनावरण भी हो चुका था सैकड़ों लोग यहां पहुंचकर इस पल के साक्षी बने थे खुद खंड विकास अधिकारी भी उस समय यहां मौजूद थे लेकिन मंगलवार को एक बार फिर से खंड विकास अधिकारी ने उन्हीं मूर्तियों का फिर से विधायक से अनावरण करवा दिया और उनके नाम के पट्टिका वहां लगा दी भाजपा नेताओं ने कहा कि विधायक केवल अब शिलान्यास पट्टिका लगाने तक ही सीमित रह गए हैं उनकी प्रदेश सरकार में तो दाल गल नहीं रही मुख्यमंत्री बनने के सपने लेने वाले विधायक आज किस स्थिति पर हैं इस बात का अंदाजा उन्हें अपने आप है और उनकी सरकार में क्या स्थिति है इसको भी वह भलीभांति जानते हैं इसलिए विधायक ऐसे कार्य को ना करें जिनसे उनकी जग हंसाई हो जनता ने आप को जीत दिलाई है जनता के हकों की लड़ाई लड़े और इलाके के विकास में अपना योगदान दें।
भाजपा नेताओं ने चुटकी लेते हुए कहा कि मयार्दा पुरुषोत्तम राम धाम और नवदुर्गा धाम में जबरन विधायक ने अपने शिलान्यास पट्टिका ने लगा दी हैं इसलिए अब विधायक आदियोगी शिव धाम और श्री कृष्ण लीला धाम यह दोनों की पूर्व में भाजपा सरकार ने बनाए हैं यहां भी किसी तरीके से अपने नाम की शिलान्यास पट्टिका लगाने का प्रयास करें क्योंकि अब उनके पास मात्र यही काम रह गया है।

# एसएसआरवीएम में इन्वेस्टीचर सेरेमनी आयोजित

**टीम एक्शन इंडिया/ऊना/राजन पुरी**
एसएसआरवीएम विद्यालय में बुधवार को इन्वेस्टीचर सेरेमनी समारोह आयोजित किया गया। इस समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में डीएसपी हैडक्वार्टर अजय ठाकुर ने मुख्यातिथि के रुप में शिरकत की। समारोह में बच्चों ने मनमोहक सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं। नन्हे-मुन्ने बच्चों ने गणेश वंदना की प्रस्तुति दी। कार्यक्रम में हेड गर्ल मेघा, हेड ब्वॉय चिनमय, स्पोर्ट्स हेड ध्रुव, सांस्कृतिक हेड एवं कुंजन ने औपचारिक रूप से अपना पदभार ग्रहण किया। असेंबली हेड श्वेत और जय को बनाया गया है, जबकि अनुशासन हेड इशिता दत्ता को बनाया गया।



स्कूल के सभी विद्यार्थियों को चार सदनों में विभाजित किया गया। मां दुर्गा हाउस से कप्तान अर्शदीप, उप कप्तान जानवी, लॉर्ड कृष्णा हाउस से कप्तान अरमान, उपकप्तान आरुषि, मां लक्ष्मी हाउस से कप्तान अभिनव, उपकप्तान प्राची एवं लॉर्ड शिवा हाउस से कप्तान माधव एवं उपकप्तान गौरी को मनोनीत किया गया। निर्वाचित विद्यार्थियों को मुख्य अतिथि द्वारा बैज लगाकर सम्मानित किया गया। सभी निर्वाचित छात्रों को वाइस प्रिंसिपल बृजबाला शर्मा द्वारा शपथ दिलाई गई। इस समारोह में स्कूल महाप्रबंधक सुमेश शर्मा, चेयरमैन सतीश शर्मा, विशाखा शर्मा, शिवानी शर्मा, सचिन शर्मा सहित अन्य उपस्थित रहे।

